# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-B

**निर्देश**—सभी प्रश्न हल कीजिए।

1. (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न (सही विकल्प चुनकर लिखिए) :

(i) औद्योगिक क्रांति शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किया :
(अ) रॉबर्ट ओवन (ब) ब्लेनकुई
(स) लास्की (द) नेहरू

(ii) संयुक्त राष्ट्रसंघ का सबसे शक्तिशाली अंग कौन-सा है ?
(अ) सुरक्षा परिषद् (ब) महासभा
(स) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (द) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्

(iii) आगरा के ताजमहल का निर्माण किसने करवाया ?
(अ) अशोक (ब) अकबर
(स) बाबर (द) शाहजहाँ

(iv) सूचना अधिनियम का अधिकार किस वर्ष लागू किया गया ?
(अ) 2005 (ब) 2009
(स) 2010 (द) 2011

(v) भारतीय शासकीय सेवा में पिछड़े वर्ग के लिये कितने प्रतिशत आरक्षण है ?
(अ) 22% (ब) 27%
(स) 36% (द) 17%

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना ............ वर्ष में प्रारम्भ हुई।
(ii) नेहरू रोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य ............ है।
(iii) विश्व में अत्यधिक जनसंख्या वाला देश ............ है।
(iv) विश्व जनसंख्या दिवस ............ को मनाया जाता है।
(v) ............ को भारत का मेनचेस्टर कहा जाता है।

**निर्देश**: प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)।

2. प्रथम विश्व युद्ध कब प्रारम्भ हुआ और कब समाप्त हुआ ?
3. यूनेस्को (UNESCO) का पूरा नाम लिखिये।
4. प्राचीन भारत के दो महान् ज्योतिषशास्त्रियों के नाम लिखिये।
5. कनिष्क किस वंश का सम्राट था और उसने किस धर्म को अपनाया ?
6. भारतीय संसद् किनसे मिलकर बनती है ?
7. सामाजिक चेतना से आप क्या समझते हैं ?
8. उपभोक्ता की बचत का सूत्र लिखिए।
9. 'सरल श्रम विभाजन' से आप क्या समझते हैं ?

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)।

10. दक्षेस (SAARC) का पूरा नाम क्या है ? इसकी स्थापना किस वर्ष हुई ?
11. छत्तीसगढ़ के लोकगीतों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
12. भारत के राष्ट्रपति की निर्वाचन-प्रक्रिया को लिखिए।
13. उपभोक्ता की बचत के कोई **तीन** महत्व लिखिए।
14. भारत में जनसंख्या विस्फोट के कोई **तीन** कारण लिखिए।
15. श्रम विभाजन से होने वाली कोई **तीन** हानियों को लिखिए।

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है।)

16. द्वितीय विश्व युद्ध का आरम्भ किस घटना से माना जाता है ?

**अथवा**

''वर्साय की संधि में द्वितीय विश्व युद्ध के बीज छुपे थे।'' समझाइए।

17. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ? उसके कोई **तीन** सिद्धांतों को लिखिए।

**अथवा**

सुरक्षा परिषद् के कोई **चार** कार्यों को लिखिए।

18. भारत में स्त्रियों की दयनीय स्थिति के कोई चार कारणों को लिखिए।

**अथवा**

भारत में महिलाओं की स्थिति सुधारने के कोई **चार** उपायों को लिखिए।

19. मूल्य वृद्धि से आप क्या समझते हैं ? मूल्य वृद्धि को रोकने के कोई **तीन** उपाय लिखिए।

**अथवा**

गरीबी से क्या तात्पर्य है ? गरीबी के प्रकारों को समझाइए।

20. भारतीय कृषि की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

वनों से क्या लाभ है ? समझाइए।

21. कृषि-आधारित उद्योगों और खजिन-आधारित उद्योगों की तुलना कीजिए।

**अथवा**

जल विद्युत्-शक्ति उद्योग एवं तापीय विद्युत्-शक्ति उद्योग में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**निर्देश** : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है।)

22. साम्राज्यवाद का क्या आशय है ? साम्राज्यवाद के उदय के कोई **चार** कारण लिखिए।

**अथवा**

उपनिवेशवाद एवं नव-उपनिवेशवाद में अंतर लिखिए।

23. लोकसभा अध्यक्ष के कार्यों और शक्तियों को लिखिए।

**अथवा**

संसद् कार्यपालिका पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है ? समझाइए।

24. ''ऊर्जा के अन्य साधनों की तुलना में जल विद्युत् अधिक महत्वपूर्ण है।'' समझाइए।

**अथवा**

''छत्तीसगढ़ खनिज सम्पदा में सम्पन्न है।'' स्पष्ट कीजिए।

25. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(i) अंकलेश्वर (ii) डल झील

(iii) मुम्बई हाई (iv) कच्छ की खाड़ी

(v) कावेरी नदी

**अथवा**

(i) बैंगलुरु (ii) इंदिरा गाँधी नहर

(iii) कर्क रेखा (iv) अहमदाबाद

(v) ताप्ती नदी

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है।

26. फासीवाद की कोई **छः** विशेषताएँ लिखिए और वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नाजीवाद के कोई **छः** सिद्धान्तों को लिखिए और वर्णन कीजिए।

27. भारत में कितने प्रकार के वन पाये जाते हैं ? किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भूमि कटाव से आप क्या समझते हैं ? उसे रोकने के कोई **पाँच** उपायों का वर्णन कीजिए।